# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:..........................**

## PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS COMPILED BY MEDIA CELL (17.06.2025)

**HINDUSTAN, MUZAFFARPUR**
**DATE: 17.06.2025, PAGE-06**

# बीएड में रजिस्ट्रेशन के लिए पोर्टल खुला, 29 तक आवेदन

**मुजफ्फरपुर, प्रमुख संवाददाता।** दो वर्षीय बीएड में नामांकन की प्रक्रिया सोमवार से शुरू हो गई। बीएड प्रवेश परीक्षा के नोडल अफसर प्रो. अशोक मेहता ने कहा कि 16 से 29 जून तक काउंसिलिंग की प्रक्रिया चलेगी।

इसके अंतर्गत उत्तीर्ण अभ्यर्थी अपने लॉग-इन क्रेडेंशियल्स के साथ सीईटी-बीएड-2025 की आधिकारिक वेबसाइट https://biharcetbed-lnmu.in पर लॉग-इन करेंगे तथा काउंसिलिंग से संबंधित कोटिवार, सामान्य 1000 रुपये, पिछड़ा वर्ग 750 रुपये एवं अनुसूचित जाति/महिला 500 रुपये ऑनलाइन जमा करेंगे और कॉलेज का चयन करेंगे। अभ्यर्थी कम-से-कम तीन और अधिक से अधिक नौ कॉलेजों का चयन कर सकेंगे। उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को आवश्यक रूप से यह ध्यान रखना है कि काउंसिलिंग के लिए एक बार ही रजिस्ट्रेशन होगा।

बीआरएबीयू में कॉलेजों की संख्या 57 और कुल सीटों की संख्या 6150 है। प्रो. मेहता ने कहा कि काउंसिलिंग के लिए पंजीकृत अभ्यर्थियों के लिए मेधा एवं कोटि के आधार पर महाविद्यालय के आवंटन की सूची चार जुलाई को आधिकारिक वेबसाइट पर प्रकाशित की जाएगी। 5 जुलाई से 15 जुलाई तक महाविद्यालय स्वीकृति के बाद 3000 रुपये पार्ट फीस (गैर वापसी योग्य) जमा करना होगा। यह शुल्क महाविद्यालय में नामांकन शुल्क के साथ समायोजित हो जाएगा। 5 जुलाई से 16 जुलाई के बीच वे आंवटित महाविद्यालय में फीस की शेष राशि जमा कर नामांकन ले सकेंगे।



- **सोमवार से शुरू हो गई काउंसिलिंग की प्रक्रिया**
- **बीआरएबीयू में 57 कॉलेजों में हैं 6150 सीटें**

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:..........................**

## DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR, DATE:17.06.2025, PAGE-06

# बीएड में प्रवेश को महाविद्यालयों का चयन व काउंसिलिंग रजिस्ट्रेशन शुरू

- 29 तक चलेगी प्रक्रिया, मेधा कोटि के अनुसार कालेज आवंटन सूची चार जुलाई को होगी प्रकाशित
- अभ्यर्थी कम से कम तीन एवं अधिक से अधिक नौ कालेजों-विभागों का कर सकेंगे चयन

जागरण संवाददाता, दरभंगा : दो वर्षीय बीएड एवं शिक्षा शास्त्री में नामांकन के लिए बिहार राज्य स्तरीय प्रवेश परीक्षा सीईटी-बीएड-2025 में महाविद्यालयों के चयन और काउंसिलिंग के लिए रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया सोमवार से शुरू हो गई। इसकी अंतिम तिथि 29 जून है। राज्य के 14 विश्वविद्यालयों के सरकारी, अंगीभूत एवं संबद्ध महाविद्यालयों में एनसीटीई से स्वीकृत सीटों के विरुद्ध नामांकन होना है।

सभी उत्तीर्ण अभ्यर्थी अपने लागइन क्रेडेंशियल्स के साथ सीईटी-बीएड की आधिकारिक वेबसाइट https://biharcetbed-lnmu.in पर लागइन करेंगे तथा काउंसिलिंग से संबंधित कोटिवार, सामान्य 1000 रुपये, पिछड़ा वर्ग 750 रुपये एवं अनुसूचित जाति/महिला 500 रुपये आनलाइन जमा करेंगे एवं कालेज-विभाग का चयन करेंगे। अभ्यर्थी कम से कम तीन एवं अधिक से अधिक नौ कालेजों-विभागों का चयन कर सकेंगे। उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को यह ध्यान रखना है कि काउंसिलिंग के लिए एक बार ही रजिस्ट्रेशन होगा।

बता दें कि आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय, पटना में कालेजों की संख्या 33 एवं कुल सीटों की संख्या 2850, बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर बिहार विश्वविद्यालय, मुजफ्फरपुर में कालेजों की संख्या 57 एवं कुल सीटों की संख्या 6150, भूपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय, मधेपुरा में कालेजों की संख्या 12 एवं कुल सीटों की संख्या 1250 है। जय प्रकाश विश्वविद्यालय, छपरा में कालेजों की संख्या 15 एवं कुल सीटों की संख्या 1500, केएसडी संस्कृत विश्वविद्यालय, दरभंगा में कालेज की संख्या एक एवं कुल सीटों की संख्या 100 है। ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा में कालेजों की संख्या 33 एवं सीटों की संख्या 3750 है। मगध विश्वविद्यालय, बोधगया में कालेजों की संख्या 48 एवं सीटों की संख्या 6000, मौलाना मजहरुल हक अरबी एवं फारसी विश्वविद्यालय, पटना में कालेजों की संख्या 32 एवं सीटों की संख्या 3200, मुंगेर विश्वविद्यालय, मुंगेर में कालेजों की संख्या पांच एवं सीटों की संख्या 500, पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय, पटना में कालेजों की संख्या 55 एवं सीटों की संख्या 6350, पटना विश्वविद्यालय, पटना में कालेजों की संख्या तीन एवं सीटों की संख्या 300, पूर्णिया विश्वविद्यालय, पूर्णिया में कालेजों की संख्या 10 एवं सीटों की संख्या 1100 और तिलका मांझी भागलपुर विश्वविद्यालय, भागलपुर में कालेजों की संख्या 15 व सीटों की संख्या 1600, वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा में कालेजों की संख्या 20 व सीटों की संख्या 2350 है।



### इस पर करें संपर्क

नामांकन के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा होने पर मोबाइल नंबर-09431041694 तथा इमेल cetbedhelpdesk@lnmu.ac.in पर संपर्क किया जा सकता है।

राज्य नोडल पदाधिकारी प्रो. अशोक कुमार मेहता के अनुसार काउंसिलिंग के लिए पंजीकृत अभ्यर्थियों के लिए मेधा एवं कोटि के आधार पर महाविद्यालय-विभाग के आवंटन की सूची चार जुलाई को आधिकारिक वेबसाइट पर प्रकाशित की जाएगी। इसके बाद पांच जुलाई से 15 जुलाई तक महाविद्यालय-विभाग स्वीकृति के बाद 3000 रुपये पार्ट शुल्क (गैर वापसी योग्य) जमा करना होगा। यह शुल्क महाविद्यालय-विभाग में नामांकन शुल्क के साथ समायोजित हो जाएगा। पांच से 16 जुलाई के बीच अभ्यर्थी आवंटित महाविद्यालय-विभाग में फीस की शेष राशि जमा करते हुए नामांकन ले लेंगे। आवंटित महाविद्यालय-विभाग के फीस की जानकारी वेबसाइट पर देखी जा सकती है। आवंटित महाविद्यालय में नामांकन नहीं लेने पर उन्हें दोबारा मौका नहीं मिलेगा। अभ्यर्थियों को सलाह दी गई है कि वे अपनी सुविधानुसार नजदीकी महाविद्यालय-विभाग का ही चयन करें।

बता दें कि आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय, पटना में कालेजों की संख्या 33 एवं कुल सीटों की संख्या 2850, बाबा साहेब भीमराव

की संख्या 15 व सीटों की संख्या 1600, वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा में कालेजों की संख्या 20 व सीटों की संख्या 2350 है।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:..........................**


**PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR**
**DATE: 17.06.2025, PAGE-04**


### बीएड में एडमिशन के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू, 37 हजार सीटों पर होगा एडमिशन

# दो वर्षीय बीएड में पहले दिन 3513 छात्र-छात्राओं ने कराया निबंधन

**नामांकन को लेकर 29 जून तक सफल छात्र-छात्रा करा सकेंगे पंजीयन**

प्रतिनिधि, दरभंगा

दो वर्षीय बीएड एवं शिक्षाशास्त्री में नामांकन के लिए राज्य स्तरीय संयुक्त प्रवेश परीक्षा (सीइटी-बीएड-2025) के सफल छात्र- छात्राओं के लिये कालेजों के चयन के साथ पंजीयन की प्रक्रिया स्टेट नोडल यूनिवर्सिटी (लनामिवि) ने सोमवार से शुरू कर कर दी है. जारी आदेश के अनुसार पंजीयन की प्रक्रिया 29 जून तक होगी. पहले दिन बीएड में 3513 एवं शिक्षा शास्त्री में 07 छात्र-छात्राओं ने पंजीयन कराया है. विश्वविद्यालय का कहना है कि जो छात्र- छात्रा पंजीयन नहीं कराएंगे, उन्हें काउंसेलिंग सह नामांकन की प्रक्रिया में शामिल नहीं किया जाएगा. सीइटी के सफल अभ्यर्थी अपने लॉग इन क्रेडेंशियल्स से सीइटी-बीएड-2025 के आधिकारिक वेबसाइट https://biharcetbed-lnmu.in पर लॉग इन कर काउंसेलिंग से संबंधित कोटिवार, सामान्य 1000 रुपया, पिछड़ा वर्ग 750 रुपया एवं अनुसूचित जाति/महिला 500 रुपया ऑनलाइन जमा कर, कॉलेजों का चयन करेंगे. कम-से-कम तीन एवं अधिक से अधिक नौ कॉलेजों का चयन किया जा सकेगा.

**इन विश्वविद्यालयों में इतनी सीटें**

आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय, पटना के 33 कालेजों में 2850, बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर बिहार विश्वविद्यालय, मुजफ्फरपुर के 57 कालेज में 6150, भूपेन्द्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय, मधेपुरा में 12 कालेजों में 1250, जय प्रकाश विश्वविद्यालय, छपरा में 15 कालेजों में 1500, केएसडी संस्कृत विश्वविद्यालय, दरभंगा में 100 सीट पर नामांकन लिया जाना है. ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा में 33 कॉलेजों में 3750, मगध विश्वविद्यालय, बोध गया में 48 कालेजों में 6000, मौलाना मजहरुल हक अरबी एवं फारसी विश्वविद्यालय, पटना में 32 कालेजों में 3200, मुंगेर विश्वविद्यालय, मुंगेर के पांच कालेज में 500, पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय, पटना के 55 कॉलेजों में 6350, पटना विश्वविद्यालय, पटना के तीन कालेजों में 300, पूर्णिया विश्वविद्यालय, पूर्णिया के 10 कॉलेजों में 1100, तिलका मांझी भागलपुर विश्वविद्यालय, भागलपुर के 15 कॉलेजों में 1600 सीट एवं वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा के 20 कालेजों में 2350 सीट पर नामांकन होगा.

**339 कॉलेजों में 37150 सीटों पर होना है नामांकन:** 14 विवि के 339 कालेजों मे 37150 सीटों पर नामांकन होना है. पिछले वर्ष की तुलना मे इस वर्ष 150 सीट सहित दो कालेजो की संख्या कम हो गई है. इस वर्ष छह सरकारी, 28 अंगीभूत कॉलेज, 305 संबद्ध कॉलेज, 22 अल्पसंख्यक एवं सात महिला कॉलेज में एनसीटीइ से स्वीकृत 37150 सीटों के विरुद्ध नामांकन होना है.

### चार जुलाई को प्रकाशित होगी कॉलेज आवंटन सूची

राज्य नोडल पदाधिकारी प्रो. अशोक कुमार मेहता ने बताया कि काउंसेलिंग के लिए पंजीकृत छात्र- छात्राओं की मेधा एवं कोटि के आधार पर कॉलेज आवंटन सूची चार जुलाई को वेबसाइट पर प्रकाशित की जाएगी. पांच से 15 जुलाई तक कॉलेज आवंटन के बाद 3000 रुपये गैर वापसी योग्य आंशिक शुल्क जमा करना होगा. यह शुल्क कॉलेज मे नामांकन शुल्क के साथ समायोजित हो जाएगा. पांच से 16 जुलाई के बीच आवंटित कॉलेजों मे छात्र नामांकन लेंगे. फीस की जानकारी वेबसाइट पर देखी जा सकती है. नामांकन नहीं लेने पर दोबारा मौका नही मिलेगा. प्रो. मेहता ने छात्र-छात्राओं से कहा है कि वे अपनी सुविधानुसार नजदीकी कॉलेज का ही चयन करें. जो कालेज आवंटित किया जाय, वहां नामांकन लेकर जगह सुरक्षित कर लें. ऐसा नहीं करने पर हो सकता है, आगे नामांकन से वंचित होना पड़े. किसी भी प्रकार की असुविधा पर मो. 09431041694 तथा इमेल cetbedhelpdesk@lnmu.ac.in पर सम्पर्क किया जा सकता है.

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR
## BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR
## PIN-842001 (BIHAR)
**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:.........................**


DAINIK BHASKAR, MUZAFFARPUR, DATE:17.06.2025, PAGE-02


# प्रैक्टिकल 19 से, कल तक जमा लिया जाएगा चालान

मुजफ्फरपुर| बीआरएबीयू की स्नातक पार्ट वन की स्पेशल परीक्षा में शामिल हुए जिन स्टूडेंट्स का प्रैक्टिकल एग्जाम छूट गया था, वे 500 रुपए विलंब शुल्क जमा कर परीक्षा दे सकते हैं। विवि की ओर से उन्हें अंतिम अवसर दिया गया है। सोमवार को परीक्षा विभाग के पार्ट वन सेक्शन में चालान जमा करने के लिए स्टूडेंट्स की भीड़ जुट गई। परीक्षा विभाग ने 19 से 21 जून तक प्रैक्टिकल के लिए समय निर्धारित किया है। आरबीबीएम कॉलेज में केंद्र बनाया गया है। इसके लिए सोमवार से परीक्षा शुल्क का चालान जमा करने को कहा है। 18 जून तक विलंब शुल्क के साथ परीक्षा शुल्क का चालान जमा करना है। पहले दिन ही बड़ी संख्या में विद्यार्थी पहुंचे थे। कमरे में कम जगह होने के कारण बाहर गैलरी और कार्यालय के बाहर फर्श पर बैठकर फीस जमा करने के लिए बारी का इंतजार करते रहे। बता दें कि पार्ट वन का स्पेशल एग्जाम हो चुका है। कुछ स्टूडेंट्स का रिजल्ट भी जारी कर दिया गया है। वहीं, जिनका प्रैक्टिकल नहीं हुआ है, उनका रिजल्ट पेंडिंग रखा गया है। प्रैक्टिकल के बाद रिजल्ट जारी कर दिया जाएगा।



फीस जमा करने को विवि के काउंटर पर जुटी भीड़।